# ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ

**ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003**

**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD**
**Malleshwaram, Bengaluru – 560 003**

## 2024-25ರ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆ-1
## S.S.L.C. MODEL QUESTION PAPER-1 – 2024-25

## ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
## Subject : Third Language — HINDI

**ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 61-H** | **Subject Code : 61-H**

ಸಮಯ : 3 ಗಂಟೆ ] | [ Time : 3 Hours

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : **80** ] | [ Max. Marks : **80**

---

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं ।

2. सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

3. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।

4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

[ Turn over

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** **8 × 1 = 8**

1. ‘पास’ का विलोम शब्द है –

(A) नज़दीक (B) दूर

(C) सामने (D) बाहर

2. निम्नलिखित में से ‘एकवचन’ शब्द है –

(A) किताबें (B) वस्तुएँ

(C) रास्ता (D) टोलियाँ

3. ‘लगना’ शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

(A) लगाना (B) लगाव

(C) लगन (D) लाँघना

4. ‘सदैव’ शब्द में संधि है –

(A) दीर्घ संधि (B) यण् संधि

(C) गुण संधि (D) वृद्धि संधि

5. निम्नलिखित में से ‘स्त्रीलिंग’ शब्द है –

(A) माली (B) कवि

(C) बेटी (D) भाई

6. 'करकमल' शब्द में समास है –

(A) कर्मधारय समास (B) द्विगु समास

(C) द्वंद्व समास (D) तत्पुरुष समास

7. आज .......... युग इंटरनेट युग है ।

रिक्त स्थान में उचित कारक भरिए –

(A) ने (B) में

(C) पर (D) का

8. आपकी चप्पलें कोई पहन गया ?

वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(A) पूर्ण विराम (B) योजक चिह्न

(C) प्रश्न चिह्न (D) अर्ध विराम

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :**
**4 × 1 = 4**

9. गिल्लू की प्रिय लता : सोनजूही : : गिल्लू का प्रिय खाद्य : .................

10. आधुनिक मानव का विश्लेषण : अभिनव मनुष्य : : बेईमानी पर व्यंग्य : .....

11. जोग : जलप्रपात : : कावेरी : .................

12. न्याय का प्रतीक : पताका : : ज्ञान का प्रतीक : ..........................

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **4 × 1 = 4**

13. लेखक पहनने के कपड़े सिरहाने दबाकर क्यों सोये ?

14. साधोराम को किस कारण से अस्पताल में भर्ती होना पड़ा ?

15. दिनकर जी के अनुसार 'आधुनिक दुनिया' कैसी है ?

16. कृष्ण की शिकायत किसके प्रति है ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए :** **8 × 2 = 16**

17. दूकानदार ने लेखक से क्या कहा ?

18. आदिवासी दोस्तों को मकान बनाने के बारे में हाथी क्या कहता है ?

19. धीरज सक्सेना 'बुद्धिमान' रोबोट क्यों चाहते थे ?

20. 'बाल–शक्ति' की टोली गाँव की सफ़ाई के लिए क्या काम करते हैं ?

21. 'अभिनव मनुष्य' प्रकृति के हर तत्व पर विजयी बनकर आसीन है । कैसे ?

22. यशोदा कृष्ण को किस प्रकार सांत्वना देती है ?

23. सौरमंडल में शनि ग्रह का क्या स्थान है ?

**अथवा**

शनि सौरमंडल का सबसे सुंदर ग्रह है । कैसे ?

24. सत्य की शक्ति के बारे में गाँधीजी का कथन क्या है ?

**अथवा**

प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के बारे में सलमा क्या कहती है ?

**V.** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन–चार वाक्यों में लिखिए :** **9 × 3 = 27**

25. लेखिका ने गिल्लू के प्राण कैसे बचाये ?

26. अहमद जलालुद्दीन का परिचय दीजिए ।

27. बसंत एक ईमानदार लड़का है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

28. 'महिला की साहस गाथा' पाठ से क्या संदेश मिलता है ? बताइए ।

29. ''कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला अद्‌भुत है ।'' इस कथन का समर्थन कीजिए ।

30. मातृभूमि के प्रकृति सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

31. 'समय बहुत अनमोल है ।' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

    दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान ।

    तुलसी दया न छाँड़िए, जब लग घट में प्राण ।।

33. निम्नलिखित अनुच्छेद का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी भाषा में कीजिए :

    कर्नाटक में कन्नड भाषा बोली जाती है और इसकी राजधानी बेंगलूरु है । यहाँ देश–विदेश के लोग आकर बस गये हैं ।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच–छः वाक्यों में लिखिए :** **2 × 4 = 8**

34. समाज के लिए इंटरनेट एक बड़ा वरदान है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

'सोशल नेटवर्किंग' एक क्रांतिकारी खोज है । कैसे ? लिखिए ।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता एक ............................

...............................................

...............................................

................................ भागो तुम ।

**VII. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **4 × 1 = 4**

36. प्रायः अधिकांश लोग दूसरों के जीवन का अनुसरण करते हैं । इसी से उनको सुख मिलता है । अपनी ताकत को न पहचान कर दूसरों के पीछे–पीछे निरुद्देश्य चलना केवल अंधानुकरण है । सड़क के किनारे सूखे पत्ते कमज़ोर और निर्जीव होने पर भी स्वयं को सब के समान

गतिशील समझते हैं । दूसरों के बल पर जीनेवाले, दूसरों की नीति की नकल करनेवाले कभी प्रगति नहीं कर सकते । वास्तविक प्रगति के लिए मनुष्य को समय के साथ–साथ निज बल से आगे बढ़ना चाहिए ।

(अ) लोग दूसरों के जीवन का अनुसरण क्यों करते हैं ?

(आ) अंधानुकरण किसे कहते हैं ?

(इ) सड़क के किनारे सूखे पत्ते कैसे पड़े हैं ?

(ई) मनुष्य को जीवन में आगे कैसे बढ़ना चाहिए ?

**VIII. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :**

**1 × 4 = 4**

37. (क) **पर्यटन का महत्व**

* प्रस्तावना
* पर्यटन का अर्थ
* पर्यटन से लाभ
* पर्यटन एक शौक
* उपसंहार ।

(ख) **कर्नाटक का वैभव**

* प्रस्तावना
* प्राकृतिक परिवेश
* कर्नाटक की विशेषता
* उपसंहार ।

(ग) **स्वच्छ भारत**

* प्रस्तावना
* स्वच्छ भारत की कल्पना
* स्वच्छता की आवश्यकता
* स्वच्छता में हमारा दायित्व
* उपसंहार ।

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** **1 × 5 = 5**

38. अपनी पढ़ाई के बारे में बताते हुए पिताजी के नाम एक पत्र लिखिए ।

**अथवा**

कोई सकारण देते हुए प्रधानाचार्य के नाम छुट्टी के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए ।